6 महीने के भीतर होने चाहिए। किन्तु सरकार ने गत वर्ष चुनाव को 6 महीने के लिए टाल दिया। चुनाव को टालने का कोई औचित्य नहीं था।

दिल्ली संघ शासित क्षेत्र है। यहां न निर्वाचित विधान सभा है और न निर्वाचित स्थानीय संस्थाओं को ही काम करने का अवसर दिया गया है। दिल्ली नगर निगम भंग किया जा चुका है। नई दिल्ली नगरपालिका को पूरी तरह सरकारी संस्था बना दिया गया है। दिल्ली की जनता अपना दुखड़ा कहां रोयें? किसके पास शिकायत ले कर जाएं?

मैं मांग करता हूं कि दिल्ली मेट्रोपोलिटन कौंसिल के चुनाव अविलम्ब कराये जायें। दिल्ली नगर निगम के चुनाव भी साथ ही होने चाहिए। यदि सरकार चुनावों को फिर से टालने का फैसला करती है तो यह दिल्ली निवासियों के साथ अन्याय है और लोकतन्त्र पर कुठाराघात होगा।

12.58½ hrs.

STATUTORY RESOLUTION RE. DISAPPROVAL OF DELHI SIKH GURDWARAS (AMENDMENT) ORDINANCE AND DELHI SIKH GURDWARAS (AMENDMENT) BILL

SHRI R. L. P. VERMA (Kodarma): I beg to move:

"This House disapproves of the Delhi Sikh Gurdwaras (Amendment) Ordinance, 1981 (Ordinance No. 2 of 1981) promulgated by the President on the 21st January, 1981."

12.59 hrs.

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the clock.

The Lok Sabha reassembled after Lunch at Five Minutes past Fourteen of the Clock

[SHRI HARINATH MISRA *in the Chair*]

STATUTORY RESOLUTION RE. DISAPPROVAL OF DELHI SIKH GURDWARAS (AMNEDMENT) ORDINANCE AND DELHI SIKH GURDWARAS (AMENDMENT) BILL—*contd.*

MR. CHAIRMAN: Shri R. L. P. Verma.

श्री रोतलाल प्रसाद वर्मा: सभापति महोदय, दिल्ली सिख गुरुद्वारा (संशोधन) विधेयक, 1981 जो आया है, यह न तो संवैधानिक है, न नियमानुकूल है और न ही उचित है। मैं इस सम्बन्ध में यह कहना चाहता हूं कि इसके लिए जो आर्डिनेन्स लाया गया था, उस को ला कर सरकार द्वारा एक अनुचित लाभ उठाने का प्रयास किया गया है।

सिखइज्म की जो परम्परा है, उस परम्परा के अनुसार गुरु नानक जी, गुरु गोविन्द सिंह जी और बहुत से हमारे देश के दूसरे संतों ने इस पंथ को चलाया था।..

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: The Minister for Unparliamentary Affairs is disturbing the proceedings of the House.

MR. CHAIRMAN: 'Unparliamentary expressions' I have heard but 'unparliamentary Minister' I am hearing for the first time.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: 'Visham'—dangerous.

MR. CHAIRMAN: Or is it a tribute you are paying?

Mr. Verma.

श्री रोतलाल प्रसाद वर्मा: सभापति महोदय, इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि इस बिल के द्वारा इस धार्मिक संस्था को राजनैतिक ढांचे के अन्दर लाने का दुष्प्रयास किया गया है। इस से सिख धर्म के अन्दर जो उस की पवित्रता है और जो उस का पवित्र उद्देश्य था देश की सेवा, राष्ट्र की रक्षा का, उस में एक भारी दलदल पैदा हो जाती है।

सभापति महोदय : आप ने प्रतिनिधित्व करना शुरु किया है सिख धर्मावलम्बियों का ?

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा : आप जानते हैं कि इस देश के अन्दर एक अकाली दल है और उधर कांग्रेसी सिख हैं, उन्हें कांग्रेसी सिख कह सकते हैं, दूसरों को अकाली सिख कह सकते हैं और इस के अलावा निरंकारी सिख भी हैं। इस तरह से कई गुटों में वे है। जो पहले एक गुट था, वह अब सिखों के बहुत से गुटों में बंट गया है और इस तरह से कई गुटों में अगर सिख बंट जाएं, तो जो उन के गुरुओं ने उपदेश दिया था देश की सेवा करने के लिए, वह कहां पूरा होगा। उन गुरुओं ने इन सब लोगों को कच्छा, कड़ा, केश, कृपाण और कंघी, ये जितनी चीजें है, रखने को कहा था और अगर कानून के चक्कर में राजनैतिक धनचक्कर इस धर्म को खींचता है, तो यह संभावना है कि इस से कोई लाभ तो नहीं होने वाला है बल्कि हानि बहुत बड़ी होगी।

सभापति महोदय : "चक्कर" तो सुना था, मगर यह 'धनचक्कर" क्या है ?

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा : 'धनचक्कर' और राजनीति और कूटनीति, उस को इस में मिला दीजिए, तो उस प्रकार से एक सही चित्र नहीं बन पाता है।

मैं यह समझता हूं कि संविधान के अनुच्छेद 123 के अनुसार, यह स्पष्ट प्रावधान है कि जब कोई बहुत आवश्यकता हो जाए, कोई भयंकर समस्या पैदा हो जाए देश के अन्दर और कोई उपाय ही न रह जाए, तब तो हम अध्यादेश ला सकते है लेकिन दिल्ली गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के छः चुनाव पहले हो चुके हैं और ये छः चुनाव बिना किसी झंझट के, बिना किसी तकरार के और बिना किसी लड़ाई के बहुत शान्ति-पूर्ण ढंग से हुए थे, तो इस सातवें चुनाव में कौन सी ऐसी आफ़त आ गई थी कि यह अध्यादेश लाना पड़ा। पार्लियामेंट के सेशन के लिए हम को 9 जनवरी को समन मिल गया था और 16 फरवरी से वह चलना था। और उसके बीच में 21 जनवरी को इन्होंने राष्ट्रपति का अध्यादेश जारी कराया। इस तरह से एक आदमी को उसमें लाने का प्रयास किया और उस आदमी को लाने का प्रयास किया जिसकी कि 1925 के गुरुद्वारा अधिनियम के बाद 1971 में जो गुरुद्वारा अधिनियम बना था जिसके प्रावधान के अनुसार क्वालिफिकेशन नहीं थी। 1971 में बने अधिनियम में योग्यता का प्रावधान है और वह धारा 16 (3) को इसके द्वारा अब समाप्त किया जा रहा है। इस धारा को अध्यादेश से समाप्त कर के एक ऐसे व्यक्ति को उसमें लाया गया है जिसका कि नाम सुना है कि जत्थेदार संतोखसिंह है। वह मास्टर तो नही हैं, टेलर मास्टर कहे जा सकते हैं। मास्टरी योग्यता उनके पास नही है। वह ज्ञानी भी नही है। मेरे दिल में अपने ज्ञानी जी के प्रति बहुत आदर है।

न मैं सिख हूं, न मैं अकाली हूं, न मैं निरंकारी हूं लेकिन जहां तक सिख धर्म की शुद्ध रखने का प्रश्न है, इसकी पवित्रता को अक्षुण्ण रखने का प्रश्न है, उस दृष्टि से मैं ज्ञानी जी और सिख धर्म के और लोगो का आदर करता हूं।

सभापति महोदय : ज्ञानी जी को उन सारे प्रश्नों का भी ज्ञान है।

श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा : जत्थेदार साहब ने आज तक अपनी वर्षगांठ नहीं मनाई होगी लेकिन 21–22 फरवरी को उन्होंने अपनी वर्षगांठ ताजमहल होटल में मनाई। मैं नहीं जानता कि पहले उन्होंने अपनी वर्षगांठ किसी अकबर होटल में या रणजीत होटल में मनाई हो। इस तरह से उन्होंने अपनी वर्षगांठ मनाई।

अगर किसी व्यक्ति विशेष को ही किसी संस्था में लाना है और उसके लिए यह सब कुछ करना है तो यह मंशा शुद्ध नहीं कही जा सकती । मैं कहता हूं कि धार्मिक स्थानों का यह राजनीतिकरण है । किसी व्यक्ति विशेष को कहीं इसलिए लाया जाए क्योंकि वह आपकी पार्टी का सदस्य है और उसका इस संस्था में होना जरूरी है तो यह राजनीतिकरण है ।

इसी तरह से पंजाब में भी 13 में से 12 सदस्य हो गये है । इस पर ऐसा लगता है कि वहां पर भी राजनीति है और राजनीतिक प्रभाव में वहां की समिति में भी लाने का प्रयास किया गया है । यहां भी जो चुनाव हुए, उसमें आपको बहुमत नहीं मिला । इसके लिए आपने राजनीतिक हंगामा किया और पुलिस को बिठा कर वहां एक आदमी को लाने का प्रयास किया ।

इस तरह से आप अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थानों में राजनीति ला रहे है । वहां पर भी राजनीति लाने की आपकी भीतरी मंशा लगती है :

मैं तो सिख समाज से बिलोंग नहीं करता । लेकिन जहां तक मुझे सूचना मिली है, जिसकी कि आपस में बहुत चर्चा है कि वहां विस्फोटक स्थिति पैदा हो गई है । 1925 में भी उन्होंने लगातार संघर्ष कर के यह बात मनवाई थी कि उनकी संस्थाओं में डेमोक्रेटिक ढंग से चुनाव हों । अकाली दल वालों ने इसके लिए संघर्ष किया था । उसमें यह रखा गया था कि ऐसे व्यक्ति उनकी धार्मिक संस्थाओं में आने चाहिएं जो सिख धर्म में विश्वास करते हों, उनके रीति-रिवाज को मानते हों । ऐसे ही व्यक्ति चुनाव लड़ कर आने चाहिए । वे किसी पार्टी वालों को नहीं चाहते थे । लेकिन आप पंजाब में 13 में से 12 को ले आये । यहां भी आप ऐसा ही चाहते थे लेकिन सुना है कि यहां आपके लोग नहीं आ सके । आप यहां भी चाहते थे कि सभी लोग आपके आ जाएं, आपका ही यहां भी कब्जा हो जाए ।

आपने मुसलमानों की संस्थाओं पर भी कब्जा करने का प्रयास किया । मुरादाबाद और अलीगढ़ में जो घटनाएं घटीं उनमें आपके हाथ साफ नहीं हैं । यह चीज खतरनाक है और आप अपने दामन में दाग लगाएंगे, यह अच्छा नहीं है ।

सभापति महोदय : दिल साफ है या नहीं, यह देखें ।

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा : दिल साफ होगा ताकि पार्टी वहां इनकी मजबूत हो जाए । इसके लिए इनका दिल बहुत साफ है । दूसरा मंशा नहीं है । उस ओर इनका ध्यान है । लेकिन सामाजिक हित का जहां तक प्रश्न है यह ठीक नहीं है । इनकी पार्टी के लिए तो यह श्रेयकर है, यह तो ठीक है । आप यह भी देखें कि निरंकारियों की समस्या सारे देश में है । वे भी सिख हैं । बाबा गुरबचन सिंह की हत्या की गई । अभी तक उसकी ठीक से जांच नहीं हो पाई है । इसको ले कर हंगामे, हड़ताल, धरने प्रदर्शन भी हुए है ।

श्री जी० एस० निहालसिंहवाला (संगरूर) : जिन की वकालत कर रहे है उन्होंने मारा है ।

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा : जांच तो करा लेते । इससे क्यों डरते हैं ? जो दोषी है उसको जेल भेजो, कड़ी सजा दो ।

सभापति महोदय : उसके बारे में आप पूरी तरह ब्रीफ्ड नहीं हैं ।

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा : मैं छोड़ देता हूं । समय भी कम है ।

[श्री रौतलाल प्रसाद वर्मा]

देश के हित में, सिख धर्म के हित में यह अच्छा होता कि इस बिल को वापिस ले कर कांस्टीट्यूशन में जो वर्तमान व्यवस्था है उसको बनाए रखा जाता। हमारे रूल्ज आफ बिजिनेस और कंडक्ट आफ बिजिनेस इन लोक सभा जो हैं उसके रूल 71 (1) और (2) में यह कहा गया है कि कोइ भी बिल आर्डिनेंस का स्थान लेने के लिए जब पेश किया जाए, तो उसके अन्दर कारणों और उद्देश्यों को स्पष्ट रूप से लिखा जाए, स्पष्ट रूप से उसकी टिप्पणी दी जाए। लेकिन यहां यह नहीं बताया गया कि किन कारणों से आर्डिनेन्स इशू करना पड़ा, क्या अजेंसी थी। यह चीज इनके दल के लिए शायद श्रेयस्कर है। लेकिन मैं चाहता हूं कि इसको स्वतंत्र रहने दे, राजनीतिक घुसपैठ न करें, लोकतांत्रिक ढंग से कमेटी को चुनाव करने दें। चूंकि आपका बहुमत है इसलिए यह बिल पास तो हो जाएगा और हो सकता है कि आपके दल के हित में यह चीज हो लेकिन यह देश हित में नहीं है, सिख धर्म के हित में नहीं है। इसलिए मैं चाहता हूं कि इसको आप वापिस ले लें। ...

MR. CHAIRMAN: Resolution moved:

"This House disapproves of the Delhi Sikh Gurdwaras (Amendment) Ordinance, 1981 (Ordinance No. 2 of 1981) promulgated by the President on the 21st January, 1981."

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI ZAIL SINGH): Sir, I beg to move:

"That the Bill further to amend the Delhi Sikh Gurdwaras Act, 1971, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

मेरे पहले जो रेजोल्यूशन पेश हुआ है उस में इसका विरोध किया गया है और कहा गया है कि इस संशोधन को न लाया जाए। दलील यह दी गई है कि इससे धार्मिक पवित्रता को हानि पहुंचेगी, नुक्सान होगा और राजनीतिक रंगत इस में आजाएगी। यह भी उन्होंने कहा है कि अध्यादेश जारी नहीं होना चाहिए था। मैं सभा पटल पर एक स्टेटमेंट रख चुका हूं कि हम को आर्डिनेन्स जारी करने की जरूरत क्यों महसूस हुई। दुबारा उसकी चर्चा करने की जरूरत नहीं है। जहां तक उनका खयाल है कि धार्मिक पवित्रता को इससे कुछ नुक्सान पहुंचेगा या राजनीति आएगी यह भी बेबुनियाद है। किसी ने उनको गलतफहमी में डाला है। यह बहुत साधारण सी तरमीम है। पहले इस में यह शर्तें थी कि इतनी क्वालिफिकेशन जिस के पास हो वही पदाधिकारी बन सकता है गुरुद्वारा प्रबन्धता बोर्ड का, दूसरा नहीं बन सकता है। कहीं भी किसी भी इलैक्टिड संस्था के लिए इस तरह की शर्त नही रखी गई है, न पार्लियामेंट के मैम्बर के लिए और न लैजिस्लेचर के मैम्बर के लिए और यहां तक कि राष्ट्रपति के लिए भी नही। दरहकीकत यह अनडेमोक्रेटिक स्टैप था और उस वक्त जो किया गलत किया। उसकी हम दुरुस्ती कर रहे हैं। मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता क्योंकि माननीय सदस्य शायद मेरा ख्याल है कि बिहार से ताल्लुक रखते हैं और उन्होंने कहा कि मैं सिक्ख नहीं हूं, लेकिन मैं समझता हूं कि बिहार जहां गुरु गोबिन्द सिंह का जन्म हुआ पटना साहब में उनको पूरा अधिकार है कि वह जो चाहें अपनी राय दें। उनको यह कहने की जरूरत नहीं है कि मैं सिख नहीं हूं।

सभापति महोदय : लेकिन बात कहें अक्ल की।

श्री जैल सिंह : और सिख मत में कोई ऐसी भिन्नता नहीं है जो इन्सान को इन्सान से तोडने की बातें करें।

सभापति महोदय : गुरु गोबिन्द सिंह जी का जन्म हुआ था पटना साहब में जिसका प्रतिनिधित्व माननीय रामावतार शास्त्री जी करते हैं।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) पटना का प्रतिनिधित्व मैं करता हूं।

श्री बैल सिंह : कहेंगे आप कुछ यह मुझे मालूम है । लेकिन जब कहेंगे तब देखेंगे ।

माननीय सदस्य का जो एक भ्रम है कि किसी एक आदमी के लिए यह किया जा रहा है, यह उनकी ग़लतफ़हमी है । हमारे भारत में लिट्रेसी अभी तक 50 परसेंट भी नहीं पहुंची है और खासकर स्त्रियों में तो 40 परसेंट भी नहीं है । तो हम जो यह शर्त उड़ा रहे हैं ऐजूकेशनल क्वालिफ़िकेशन की अब कोई शर्त नहीं होगी इसका फ़ायदा सब के लिए होगा । 10, 40 परसेंट के बजाय सेंट परसेंट लोगों को यह अधिकार मिल जायगा । हम किसी एक आदमी को निशाना बना कर या उसको फ़ायदा पहुंचाने के लिए नहीं करते हैं । इस संशोधन के बाद बिल में किसी किस्म की रुकावट नहीं रहेगी, जितने भी दिल्ली गुरुद्वारा प्रबन्धक बोर्ड के मेम्बर हैं उनमें से जो भी चाहे इस पद के लिए यानी प्रेसीडेंट के लिए या और दूसरे पदों के लिए खड़ा हो सकता है, वह पदाधिकारी हो सकता है । इसलिए जो उनका भ्रम है वह मैं समझता हूं अब निकल जाना चाहिए ।

अभी समय नहीं आया रिजोल्यूशन वापस लेने का । जब समय आयेगा तो मैं कुछ और भी इस से प्रार्थना करूंगा, क्योंकि यह आदमी बहुत शरीफ हैं और उससे ऐसा लगता है कि वह थोड़ी सी गलती भी कर लें तो उसको सुधार लेंगे ।

हमारे गुरु चरण सिंह जी ने कहा था आप वकालत किसी और की करते हैं और हिमायत किसी और की करने आये हैं । तो मैंने समझा यह भी भूल है । लेकिन नहीं बहुत समझदारी है । उन्होंने यह समझा कि बात वह कीजिए जिसके सौ पहलू हों, कोई पहलू तो रहे बात बदलने को । तो पहलू बदलने का रह क्या है, जब समय आयेगा तो मैं फिर कहूंगा ।

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill further to amend the Delhi Sikh Gurdwaras Act, 1971, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

Now, Mr. Parulekar.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR (Ratnagiri): Mr. Chairman, Sir, first of all I am thankful to you for calling me early to speak.

I rise to support the Statutory Resolution and to oppose that Bill. I am opposing it not because of deletion of clause 3 but on some other grounds. In bringing this Bill, Government has shown total disrespect to Article 123 of the Constitution of India. Sir, if you have a copy of the original Bill, please see the original clause which Government now wants to delete. It says:

"No person shall be eligible for election as President or other Office-bearer of the Delhi Sikh Gurdwara Management Committee unless he is at least a Matriculate or has passed Higher Secondary Examination of any recognised University or Board."

I would have no objection for this deletion. But I do not understand the wisdom of the Government and the hon. Minister for Home Affairs as to why they want to delete the word 'Giani'. Had you retained the word 'Giani' there would be an opportunity for me to support this particular Bill. So, you want the 'Agiani' people to head this particular Board. My understanding of Hindi is very limited.

AN HON. MEMBER: 'Giani' is a degree qualification. (*Interruptions*).

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR: There are so many 'Agyani' people. Fortunately I had an occasion today morning to go through the Hindi Dictionary. The meaning for the word given is not only a 'Graduate' but 'knowledgeable person' also. Therefore, in their wisdom, that is, those we have written that particular Dictionary, they have given the meaning as 'knowledge-

(Bapusaheb Parulekar.)

able person'. So, I take it that they do not want the knowledgeable persons.

MR. CHAIRMAN: I think the real translation of the word 'Giani' is a wise man.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR: That is exactly what I say. You do not want wise men or it may be that in the year 1971 when the Bill was originally introduced, there were some 'Agianis' in Sikh community and within a period of 10 years, all have become 'Giani'. I would request the hon. Minister to clear my doubts on this particular issue. Within a period of 10 years all the people in the Sikh community, those who were 'Agiani' in 1971, have become 'Giani' in 1981. I would therefore request the hon. Home Minister kindly to enlighten me on this particular point.

Now kindly refer to the Statement of Objects and Reasons. It stated like this.

> "2. Following representations that imposing a minimum educational qualification in the Delhi Sikh Gurdwaras Act, 1971 was against the cardinal principles of Democracy...."

Sir, this reason has been given in the Statement of Objects and Reasons. I would like to bring to the notice of the hon. Home Minister a very important point. When this Bill was introduced in the year 1971 and it was debated then, one of the hon. Members of the Rajya Sabha, Mr. L. K. Advani, had given an amendment that this should be deleted. The hon. Home Minister must at least have gone through the debates and at that time, it was objected to by the Government on the ground of democracy because they said they had taken the opinions of the Board and they had taken the opinions of the Sikh people. At that time you opposed it. You said that it should be retained on the principle of democracy because the majority opinion of the Sikh community was to incorporate this particular Clause, that is, Clause 3. At that time, that was the definition of the word 'democracy'. But, now, you say that on the principle of democracy this word should be deleted because nowhere educational qualifications are prescribed in any law. That was the definition of democracy in the dynamic decade. Now, this is the democracy in 1981. May be the definition of democracy changes from year to year or Bill to Bill. Therefore, what I say is that this is not the real intention of....

AN HON. MEMBER: This is 'Giani' democracy.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR: I charge the Government and the hon. Home Minister that the intention in bringing forward this Bill is ill-motivated, ill-intentioned and you want to clothe and camouflage the words 'bad intentions and ill-motives' by the word "democracy". So, it is amply clear. Just now the hon. Home Minister rightly said that if somebody wanted to contest for the Presidentship of India, the educational qualifications were not necessary. Sir, through you may I ask the hon. Home Minister as to where was the necessity in 1971 to consult all the Sikh while introducing this particular clause? In 1971, the Bill was piloted by the then Minister, I believe, Shri Pant, and he has gone on record saying that in formulating this Bill, the main approach of the Government was that the Sikh community of Delhi was consulted and their approval obtained towards the inclusion of that particular clause. Further, at that time, the Board consisted of eminent persons including judges, and all of them were consulted. It is on this basis that this particular clause came to be included. This is real democracy. I would like to ask the hon. Home Minister, whether while bringing this particular Bill, leave aside the ordinance, he consulted the Sikh community, the way they consulted in the year 1971. If not, why did they not consult them?

Then, this educational qualification is not very harsh. The annual income of Delhi Gurdwaras is Rs. 4 crores and the property has also to be

managed. The educational qualification is only for the President or other office bearers and not for ordinary members. Any Sikh, Giani or Agiani can be a member of the Board, but the qualifications were prescribed only for the office bearers and it was because of this particular backward.

Under these circumstances, I would like to request the hon. Minister for Home Affairs to tell us as to whether just as they had consulted the leaders of the Sikh community as to whether this clause should be included, this time also they consulted them. If so, who are these honourable persons? If not, why not?

Then, this is with reference to the merits of the Bill. As I said, the merit is not important. What hurts me and should hurt every hon. Member is the way in which this particular Bill has been brought before this House through this particular ordinance.

We have with us certain dates. The election of the President was to be held on 27th February, 1981 and this Ordinance was brought on 21st January, 1981. I would request the hon. Home Minister to enlighten the entire House whether the election was held in the month of February, and that election was held before the commencement of this particular session of the Parliament. Is it also a fact that the person who is elected does not possess the particular qualification? I will not make a positive statement; I would only ask for the information and from that we can draw our own conclusions. If that be so, is the statement or the allegation made by Shri R. L. P. Varma that you brought this ordinance only in order to favour a person who belongs to your party, who did not possess the necessary academic qualifications and in order to have the possession of the Gurdwara is correct or not. If that is so, is this not a misuse of the power and Article 123 of the Constitution? My grievance is about the way in which this Ordinance and this Bill have been brought.

I can very well appreciate, as the hon. Home Minister said, that he wanted that everyone should get an opportunity to be the Chairman or the President or the office bearer of this particular Gurdwara. Well. But why did you not wait till the session started? What was the objection in bringing the Bill straight in this House and what was the necessity of issuing the ordinance? From the statement which you have laid on the Table of the House and the statement which you made in this House, I am sorry, I was not in a position to get any answer to the question I have posed. Article 123 of the Constitution clearly lays down that in certain exceptional circumstances, the power can be used in issuing ordinances. And I believe that the hon. Home Minister has not only done a bad business; he has also very badly advised the Prime Minister and the entire Cabinet, and has wrongly and badly advised the President in bringing this particular Ordinance. No heavens were to fall on earth if the Ordinance had not been brought in. The Bill could have been brought in. The only answer is one to which I have already alluded that you wanted a particular person not possessing the necessary qualifications to be at the helm of this particular affairs, and his election was to be held in February i.e. before the commencement of the present session.

I made a reference to the opinion of the Sikh personalities, as was done in 1971. Now you say that under democratic principles, it is necssary that this should be removed. When did this wisdom dawn on you? From 1971 to 1981, nobody brought this to your notice; and in your wisdom—as you are a Giani Ji—you did not appreciate the particular lacuna in this particular legislation. So, what is the date, what is the minute, what is the second when this dawned upon you, viz. "This is undemocratic. This is against the cardinal principles of democracy. Therefore, I must do something for the Sikhs. An ordinary measure by way of legislation is totally insufficient. I must move the President and the Cabi-

net, and exercise powers under Article 123."?

Is this not a misuse? If this is a misuse, I submit that not only myself, not only the hon. Members of the Opposition, but all such persons, and all hon. Members who have taken oath in the name of the Constitution—Sir, they are supposed to respect each and every Article of the Constitution—should oppose this Bill, because it has been brought through an Ordinance. You take back your Bill. Let the Ordinance go, and you bring the Bill. Let us consider on merits whether the Bill is proper or not. The way you are doing things, you are laying down precedents—this is a mischief which you are doing. And I charge you that in order to do favouritism, you have introduced this Bill through the ordinance, through back-door—it is a black act—and I condemn it. And, therefore, I oppose this particular Bill; and I support the ordinance. (*Interruptions*) I correct myself Sir. I support the resolution.

AN HON. MEMBER: That portion should be expunged.

MR. CHAIRMAN: He has said so clearly.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR: I have corrected myself. I hope the correction has gone on record.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: If they can correct themselves after ten years, why can't he correct now?

MR. CHAIRMAN: Maybe, after serious consideration for years they have changed their opinion... (*Interrup-*

Now Shrimati Brar.

श्रीमती गुरबिन्दर कौर ब्रार (फरीदकोट) : सभापति, महोदय, होम मिनिस्टर साहब जो देहली सिख गुरुद्वारा अमेंडमेंट बिल लाए हैं, मैं उस की स्पोर्ट में खड़ी हुई हूं । अभी हमारे मोअज्जिज कुलीग ने कहा था कि मैं आर्डिनेंस को स्पोर्ट करता हूं और फिर दो मिनट के बाद खड़े हो कर कहा कि मैं इस का विरोध करता हूं । (व्यवधान) बात यह है कि जो दिल की बात होती है वह सामने आ ही जाती है ।

आप ने जरूर कहा है कि ऐसे नहीं ऐसे होना चाहिए, यह तो सब को पता है, ज्यादा डीटेल में जाने की जरूरत नहीं है कि मैट्रीकुलेट, या हायर सेकेंडरी या ज्ञानी पास होना 1971 के देलही सिख गुरुद्वारा ऐक्ट के मुताबिक जरूरी है । मैं अपने कुलीग से कहती हूं, आप को शायद पता नहीं है कि हमारी जितनी रेलीजस संस्थाएं हैं डिस्ट्रिक्ट लेवल पर, स्टेट लेवल पर, यह मैं पंजाब की बात कर रही हूं, उनके अन्दर गुरुद्वारा के मैनेजमेंट बोर्ड में ज्यादातर जो लोग हैं, जरूरी नहीं है कि मैट्रीकुलेट हों । ज्यादा जरूरत जो हमें है अपनी रेलीजस बाडीज के ऊपर, वह है ईमानदारी की, इंटेग्रेशन की और डिवोशन की । पालिटिक्स से दूर रह कर जितना इन संस्थाओं में सुधार हो सके, उस की जरूरत है । हंसने की बात नहीं है क्योंकि आप इसको अच्छी तरह से जानते नहीं हैं । आप हंसते हैं तो हंसें लेकिन मुझे खुशी है कि आपको दिलचस्पी है सिख रेलिजस बाडीज में । मेरा कहने का मतलब यह था कि ये लोग ज्यादा पढ़े नहीं होते लेकिन उनको गुरुद्वारों का सुधार करने में रुचि होती है । इसके लिए पहले जो महन्त होते थे उनकी जिम्मेदारी थी । इसमें बड़े अकाली एजिटेशन्स हुए तो उनके लिए करना पड़ा गुरुद्वारा सुधार ऐक्ट के मुताबिक उनके हाथों में गुरुद्वारे दिए गए । इसमें बहुत से लोग अनपढ़ हैं लेकिन अनपढ़ का मतलब यह नहीं है कि वे बिल्कुल कुछ जानते ही नहीं, वे अपने मजहब के बारे में बहुत कुछ

जानते हैं । इसी तरह से कोई ज्ञानी सिर्फ डिग्री लेने से ही नहीं बन जाता है । जैसा कि आपने कहा कि 4 करोड़ का बजट है इसलिए इमानदारी का होना बहुत जरूरी है अचैर अच्छा एडमिनिस्ट्रेटर हो । मैं आपसे भी आगे जाती हूं । जैसे पादरी लोग होते हैं वे बड़े पढ़े लिखे होते हैं, पी० एच० डी० बगैरह करते हैं और रेलिजस बार्डीज में अच्छे लेक्चर देते हैं, वे आलिम फाजिल होते हैं । मैं इस बात से सहमत हूं और मैं नहीं कहती कि खाली रेलिजस डिग्री लेने से ही इनसान काबिल बन जाता है । गुरुद्वारों के प्रेसीडेन्टशिप के लिए या मैनेजमेंट बोर्ड का मेम्बर बनने के लिए होम मिनिस्टर साहब जो अमेन्डमेंट 1971 के ऐक्ट में लाए हैं, मेरा ख्याल है उन्होंने एक अच्छा कदम उठाया है ।

आपने यह सवाल किया कि 1971 से 1981 तक उन्होंने क्यों नहीं सोचा तो ज्ञानी जो सिर्फ पिछले साल ही होम मिनिस्टर बने हैं । ये एक ग्रास रूट वर्कर हैं, गांव के रहने वाले हैं, इनको पता है कि गांव का आदमी अनपढ़ भी हो लेकिन यह देखना होगा कि उसको मजहबी चीजों में कितनी रूचि है और इसमें अगर हम बार लगाते हैं कि मैट्रीकुलेशन की डिग्री हो तो उसके क्या मायने हैं ? मैट्रीकुलेशन डिग्री लेकर कोई कितना आलिम फाजिल हो जाता है । इसलिए मेरी आपसे रिक्वैस्ट है कि आप इस बात पर ज्यादा जोर न दें ।

आप जानते हैं कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी का जो प्रेसीडेन्ट चुना जाता है उसके ऊपर भी कोई कानून लागू नहीं है कि कितना पढ़ा होना चाहिए । मैं समझती हूं कि सिख कौम पहले के मुकाबले अब काफी पढ़ाई करती जा रही है, उसने काफी तरक्की की है और आगे भी करेगी । लेकिन वहां पर ऐसी कोई चीज लागू नहीं है तो क्या वजह है दिल्ली सिख गुरुद्वारा में ऐसी चीज रखी जाए । इसलिए मेरा ख्याल है कि यह जो क्लाज है वह नहीं होनी चाहिए ।

दूसरी बात म यह कहना चाहती हूं कि अकाली पार्टी के अकेले मेम्बर इस हाउस में हैं वे भी आज यहां पर नहीं आये हैं । न तो हमें सुनने के लिए और न ही अपनी बात कहने के लिए यहां पर वे आए । कई दफा लोग यह समझते हैं कि सारे सिखों की जिम्मेदारी उन्हीं के सिर पर है । यहां पर कांग्रेसी जो हैं उनमें सिख नहीं हैं इसलिए पार्टी की जिम्मेदारी का कोई सवाल नहीं है लेकिन मैं एलेक्शंस में जाती हूं तो साफ कहती हूं कि मजहब दूसरी चीज है और पालिटिक्स दूसरी चीज है । मजहब और पालिटिक्स को इकट्ठा नहीं करना चाहिए । मैं तो दावे से कहती हूं, अगर मेरे अपोजिट कोई अकाली मेम्बर खड़ा हुआ है, कि उसको बोलो गुरुग्रंथ साहब के कुछ शब्द बोले और मैं भी बराबर बोलूं । इन लोगों के दिमाग के अन्दर यह बात आ गई है कि ये जो मजहबी पार्टीज हैं, वे ही मजहब की ठेकेदार हैं—यह गलत बात है ।

मैं, चेअरमैन साहब, आप की मार्फत ज्ञानी से एक बात कहना चाहती हूं—कुछ इस किस्म की बात होनी चाहिये कि जो मजहबी लोग सियासी पार्टीज में होते हैं, एम० पी० या एम० एल० ए० बनने की तरफ भी उन का झुकाव होता है यह नहीं होना चाहिये । एक तरफ उन को काम करना चाहिये । अगर वह एम० पी० या एम० एल० ए० बनना चाहते हैं तो बनें, फिर दूसरी तरफ उन को नहीं रहना चाहिये । इस चीज में आप को सुधार करना चाहिये । आप ने देखा होगा कि लोग इस को स्टैप बना

[श्रीमती गुरविन्दर कौर ब्रार]

कर, स्टेज बना कर पोलिटिक्स में आते हैं।

दिल्ली सिख गुरुद्वारे का बजट 4 करोड़ रुपये का है, मैं तो 3 करोड़ रुपये का समझती थी, लेकिन चेयरमैन साहब ने कहा कि 4 करोड़ का है। इसी तरह से अमृतसर में चढ़ावा चढ़ता है। सुबह ढाई बजे से "सुखनी साहब" का पाठ शुरू हो जाता है और रात 11–12 बजे तक चलता है। लोग बड़ी श्रद्धा से वहां आते हैं और आम लोग भी माथा टेकते वक्त एक रुपया चढ़ाते है। यह एक तरीका था—अच्छे काम के लिये धन इक्ट्ठा करने का। गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज, 10वी पादशाही, ने इसे शुरू किया था। जब जुल्म के खिलाफ मुकाबला होता था तो जो लोग दरबार में आते थे, 5 पैसे, 7 पैसे जिस से जो बनता था भेंट करता था और इस तरह से जो पैसा इक्ट्ठा होता था वह अच्छे काम मे खर्च किया जाता था। जो लोग वहां चढ़ावा चढ़ाते है, वे श्रद्धा से चढ़ाते है, तहेदिल से चढ़ाते है। लेकिन यह पैसा कहां जाता है ? यह पैसा वे लोग फिर पोलिटिक्स में खर्च करते हैं। इस बात को हम ज्यादा जानते हैं। जो लोग बम्बई या मद्रास से आते हैं, वे इन की सियासत से अच्छी तरह वाकिफ नही है।

मैं ज्यादा वक्त नही लेना चाहती लेकिन मुझे खुशी है कि होम मिनिस्टर साहब एक बहुत अच्छा अमेण्डमेंट लाये हैं और सब सिखों को मौका दिया है कि जो भी गुरुद्वारा सुधार के काम में आगे आना चाहे, वह आये और अपनी इन्टीग्रिटी और ईमानदारी के साथ काम करे। इस पैसे से कालिजिज और स्कूल्ज खुल सकते हैं। मुझे खुशी है कि यहां पर गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल खुला हुआ है जहां पर बच्चे बहुत अच्छी तरह से पढ़ाई करते हैं। इस तरह की दूसरी इंस्टीचूशन्ज खोली जा सकती हैं, अस्पताल बनाये जा सकते हैं, न कि आपस में लड़ते रहें, कभी कुछ करें, कभी कुछ करें।

मैं ज्ञानी जी को इस अमेण्डमेंट के लाने के लिये फिर से धन्यवाद देती हूं, और, चेअरमैन साहब, आप का भी धन्यवाद है, आप ने मुझे बोलने का मौका दिया।

MR CHAIRMAN: Shri Somnath Chatterjee.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): He seems to be getting inspiration when you are in the chair.

MR. CHAIRMAN: I would consider myself fortunate if all concerned get a little of inspiration.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur): Mr. Chairman, I would not have opposed this Bill, but for the partisan interests and the sinister design behind the Bill. It is becoming a matter of great concern—it has already become a matter of great concern—that this power of executive legislation is taken recourse to even in respect of ordinary routine matters; not for widening the rights of the people of this country, not for providing any urgent economic or social welfare measures.

Many hon. speakers in this House have expressed their dissatisfaction and anguish at the frequent recourse to the power to make Ordinances during the inter-session period. We have seen how the LIC Ordinance was issued; the Special Bearer Bonds scheme also was issued under an Ordinance. Even compensation to be paid to a Gurudwara Committee is also supposed to be regulated by an Ordi-

